**भारत सरकार**
**परमाणु ऊर्जा विभाग**
**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र**

## विज्ञापन संख्या : आरआरकेट-3/2019 [भूतपूर्व सैनिकों हेतु विशेष भर्ती अभियान]

### आवेदन करने की अंतिम तिथि 08/07/2019

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र (आरआरकेट), इन्दौर(म.प्र.) में निम्नलिखित पदों पर भर्ती हेतु योग्य भूतपूर्व सैनिकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

<table>
<tr><td>पद नाम</td><td>सुरक्षा गार्ड – "ग्रुप सी अराजपत्रित"</td></tr>
<tr><td>वेतनमान</td><td>वेतन मेट्रिक्स का लेवल-1 : ` 18000 / - एवं यथादेय अन्य भत्ते</td></tr>
<tr><td>पद संख्या</td><td>19</td></tr>
<tr><td>न्यूनतम योग्यता</td><td>10 वीं पास अथवा सशस्त्र सेना से प्राप्त समकक्ष प्रमाण पत्र</td></tr>
<tr><td>आयु</td><td>आवेदन करने की अंतिम तिथि को 30 वर्ष से ज्यादा नहीं (वास्तविक आयु से सेवा की अवधि घटाने के बाद)<br>(i) दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर भाग में सामान्यत: अधिवासी अभ्यर्थियों (ii) 1984 के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के बच्चे / परिवार के सदस्यों को विद्यमान सरकारी आदेशों के तहत आयु में छूट दी जाएगी, बशर्ते उन्हें इस आशय का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।</td></tr>
<tr><td>शारीरिक मानक</td><td>1. कोई शारीरिक विकृति नहीं<br>2. न्यूनतम ऊंचाई
<table>
<tr><th rowspan="2">क्र सं</th><th rowspan="2">श्रेणी</th><th colspan="2">ऊंचाई (सेमी में)</th></tr>
<tr><th>पुरुष</th><th>महिला</th></tr>
<tr><td>1</td><td>सामान्य</td><td>167</td><td>157</td></tr>
<tr><td>2</td><td>गढ़वाल, कुमाऊं, हिमाचल प्रदेश, गोरखा, डोगरा, मराठा, कश्मीर घाटी, जम्मू एवं कश्मीर के लेह एवं लद्दाख क्षेत्र, पूर्वी राज्यों एवं सिक्किम के पहाड़ी क्षेत्र से संबंधित अभ्यर्थियों के लिये</td><td>165</td><td>155</td></tr>
<tr><td>3</td><td>अनुसूचित जन जाति से संबंधित अभ्यर्थियों के लिये</td><td>162.5</td><td>154</td></tr>
</table>
3. सीना (पुरुष)
<table>
<tr><th rowspan="2">क्र सं</th><th rowspan="2">श्रेणी</th><th colspan="2">सेमी में</th></tr>
<tr><th>बिना फुलाए</th><th>फुलाने पर</th></tr>
<tr><td>1</td><td>सामान्य</td><td>80</td><td>85</td></tr>
<tr><td>2</td><td>गढ़वाल, कुमाऊं, हिमाचल प्रदेश, गोरखा, डोगरा, मराठा, कश्मीर घाटी, जम्मू एवं कश्मीर के लेह एवं लद्दाख क्षेत्र, पूर्वी राज्यों एवं सिक्किम के पहाड़ी क्षेत्र से संबंधित अभ्यर्थियों के लिये</td><td>80</td><td>85</td></tr>
<tr><td>3</td><td>अनुसूचित जन जाति से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए</td><td>77</td><td>82</td></tr>
</table>
महिला अभ्यर्थियों का शारीरिक क्षमता परीक्षण विद्यमान नियमों के तहत किया जाएगा।</td></tr>
<tr><td>चयन / भर्ती का तरीका</td><td>शारीरिक परीक्षा, लिखित परीक्षा</td></tr>
<tr><td>कार्य की प्रकृति</td><td>फील्ड स्टॉफ को सामान्य तौर पर आवश्यक रूप से एक निश्चित सुरक्षा चौकी एवं रात दिन की पारी में पेट्रोल ड्यूटी पर तैनात किया जाता है। उन्हें सुरक्षा अधिकारी के अधीन सीधे ही पर्यवेक्षण में दिये गये कार्यों का निर्वहन करना होगा। उनके मुख्य कार्य, प्रभारी सहायक सुरक्षा अधिकारी को उन्हे सौंपे गए कार्यों एवं जिम्मेदारियों को पूरा करने में सहायता प्रदान करना होगा।</td></tr>
</table>

**चयन प्रक्रिया :-**

सुरक्षा गार्ड के पद के लिये स्क्रीन इन किये गये उम्मीदवारों को विधिवत रूप से गठित समिति द्वारा आयोजित निम्नलिखित शारीरिक क्षमता परीक्षण में अर्हता प्राप्त करना होगा :-

**(अ) शारीरिक क्षमता परीक्षण :**

| **क्रं** | **क्रिया कलाप** | **पुरुषों के लिये** |
|---|---|---|
| i | 100 मीटर दौड़ | 16 सेकंड |
| ii | लम्बी कूद | 3.65 मीटर 3 अवसरों में |

| **iii** | **सीट अप** | **आयु समूह** | **संख्या (पुरुष)** |
|---|---|---|---|
| | | 30 वर्ष तक | 25-29 |
| | | 30-40 वर्ष | 20-24 |
| | | 40-45 वर्ष | 15-19 |
| | | 45 वर्ष से अधिक | 10-14 |
| **iv** | **चिन अप** | 30 वर्ष तक | 08-09 |
| | | 30-40 वर्ष | 05-06 |
| **v** | **पुश अप** | 40-45 वर्ष | 16-17 |
| | | 45 वर्ष से अधिक | 12-13 |

महिला अभ्यर्थियों का शारीरिक क्षमता परीक्षण विद्यमान नियमों के तहत किया जाएगा।

**(ब)** उपरोक्त शारीरिक क्षमता परीक्षण में अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को 90 मिनट के आबंटित समय में 75 अंकों की लिखित परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। प्रत्येक सही उत्तर के लिए '3' अंक दिये जाएंगे एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए '1' अंक काट लिया जाएगा। लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र की संरचना निम्नानुसार होगी :-

(i) अंग्रेजी बौद्धिक क्षमता परीक्षण / अंग्रेजी व्याकरण : 15 अंक
(ii) सामान्य ज्ञान (बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न) : 30 अंक
(iii) विश्लेषणात्मक अथवा मूलभूत गणित(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न) : 30 अंक

लिखित परीक्षा में समान अंक आने की स्थिति में योग्यता सूची में स्थान सुनिश्चित करने के लिये निम्नलिखित मानदंडों को अपनाया जाएगा:

- लिखित परीक्षा में कम नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।
- कक्षा 10 में अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।
- उम्र में बड़े अभ्यर्थी को योग्यता सूची में पहले रखा जाएगा।

## सामान्य अनुदेश

**1.** विज्ञापन में यथानिर्धारित पात्रता मापदंड का निर्धारण आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को किया जाएगा।

**2.** भूतपूर्व सैनिक जिन्होनें अपने पुनर्नियोजन के लिए भूतपूर्व सैनिकों को दिए जाने वाले आरक्षण लाभों को प्राप्त करने केपश्चात समूह सी एवं डी के पदों पर नियमित रूप से केन्द्र/राज्य सरकार के अधीन सिविल सेवाओं में रोजगार पहले से ही पा लिया है, वे भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के तहत आरक्षण के लाभों के दावे के लिए पात्र नहीं हैं।

**3.** केवल मेट्रिक प्रमाणपत्र / म्यूनिसिपल जन्म प्रमाणपत्र में दर्शाई जन्मतिथि को ही स्वीकर किया जाएगा। इसके बाद परिवर्तन के अनुरोध हेतु विचार नहीं किया जाएगा।

**4.** अभ्यर्थियों को उनके आवेदन प्रपत्र में उनके द्वारा दी गई सूचनाओं के आधार पर परीक्षा हेतु प्रवेश दिया जाएगा, अत: उन्हे सलाह दी जाती है कि आवेदन करने के पहले वे सुनिश्चित कर लें कि वे सभी पात्रता शर्तो को पूरा करते हों। यदि बाद में यह पाया जाता है कि आवेदक द्वारा दी गई सूचना गलत है अथवा आवेदक किसी पात्रता शर्त को पूरा नहीं करता है, तो ऐसे आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी और इस संबंध में किये गये किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। सभी पात्रता दशाओं को पूरा करने वाले

अभ्यर्थी ही नियुक्ति के पात्र होंगे। शारीरिक क्षमता परीक्षण / लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी करना ही नियुक्ति का आधार नहीं माना जाएगा।

**5.** भारत सरकार में रोजगार हेतु अजा / अजजा / अपिव प्रमाणपत्र निर्धारित प्रपत्र के अनुसार होने चाहिए जो आरआरकेट की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।

**6.** अजा / अजजा / अपिव से संबंधित अभ्यर्थियों को इस बारे में आवेदन में स्पष्ट रूप से इंगित करना होगा और इस संबंध में निर्धारित प्रपत्र में प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा। ऐसा न करने की दशा में उन्हे अनारक्षित श्रेणी का आवेदक माना जाएगा। समुदाय के संबंध में परिवर्तन हेतु बाद में प्रस्तुत किये जाने वाले किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अपिव के मामले में प्रमाणपत्र में विशेष रूप से यह इंगित किया जाना चाहिए कि विद्यमान आदेशों के तहत अभ्यर्थी क्रीमीलेयर से संबंधित नहीं है।

**7.** विद्यमान सरकारी आदेशों के तहत, आरआरकेट के पास आवेदकों की उम्मीदवारी को किसी भी स्तर पर स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

**8.** विज्ञापन में दिये गए पदों को भरना सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन है और समय समय पर भारत सरकार द्वारा जारी आदेशों के निर्णय अनुसार पद नहीं भी भरे जा सकते हैं।

**9.** यदि आवश्यकता हुई तो कोई सूचना जारी किये बिना अथवा कोई कारण बताए बिना भर्ती प्रक्रिया को निरस्त / रोकने / परिवर्तित करने का अधिकार आरआरकेट के पास सुरक्षित है।

**10.** इस विज्ञापन के तहत चयनित किए गए उम्मीदवारों को आरआरकेट, इन्दौर में तैनात किए जाने की संभावना है, लेकिन वे भारत के किसी भी भाग में और परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संघटक इकाई में सेवा करने के लिये उत्तरदायी होंगे।

**11.** चयनित उम्मीदवार वित्त मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 22/12/2003 की संख्या 5/7/2003-ECB&PR के द्वारा दिनांक 01/01/2004 से लागू नई पुनर्गठित परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना से शासित होंगे।

## आवेदन कैसे करें

क. विज्ञापित पद केवल भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षित है। अन्य अभ्यर्थियों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

ख. केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकार किये जाएंगे।

ग. आवेदन करने की अंतिम तिथि 08/07/2019 है।

घ. ऑनलाईन आवेदन करने के लिये अभ्यर्थी कृपया http://www.rrcat.gov.in/hrd/Openings/Current_Openings.html# का अवलोकन करें।

ङ. अभ्यर्थियों के पास वैध ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नम्बर होना चाहिए, जो कि संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहना चाहिए। अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा बुलावा पत्र / SMS केवल पंजीकृत ई-मेल आईडी / मोबाईल नम्बर पर ही भेजा जाएगा।

च. वेबसाइट पर उपयोगकर्ता निर्देशिका उपलब्ध है, जिसमें आवेदन प्रक्रिया एवं निर्धारित प्रपत्रों को अपलोड करने संबंधी विवरण स्पष्ट तौर पर समझाया गया है।

छ. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व आवेदक उपयोगकर्ता निर्देशिका को पूरी तरह पढ़ लेवें।

ज. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने में होने वाली किसी भी विसंगति के लिये आरआरकेट जिम्मेदार नहीं है। अत: आवेदकों को यह सलाह दी जाती है कि वे अनुदेशों एवं उपयोगकर्ता निर्देशिका का सख्ती से पालन करें।

झ. आवेदन पत्र अपलोड / प्रस्तुत करने से पूर्व अभ्यर्थियों को इस पद के लिए अपनी पात्रता के प्रति सजग एवं आश्वस्त होना चाहिए। आवेदन पत्र से संबद्ध किसी भी कॉलम को खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

ञ. आवेदक के पास आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक तक आवश्यक शैक्षणिक योग्यता व अनुभव प्राप्त होना चाहिए।

ट. अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि उन्हें अंतिम दिनांककी प्रतिक्षा किए बिना, समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए।

ठ. अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय निम्नलिखित प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा :

a. नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ
b. हस्ताक्षर करना
c. जन्मतिथि प्रमाण पत्र (कक्षा 10 की प्रमाणपत्र / म्यूनिसिपल जन्म प्रमाण पत्र)
d. शैक्षणिक योग्यता
e. भूतपूर्वसैनिक होने का प्रमाण पत्र
f. अजा/अजजा/अपिव का प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
g. 01.01.1980 से 31.12.1989 तक कश्मीर में अधिवास संबंधी प्रमाणपत्र(यदि लागू हो)
h. 1984 के दंगों से प्रभावित होने का प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
i. अन्य कोई संबंधित प्रमाण पत्र

ड. आवेदन करने के पश्चात, अभ्यर्थी कृपया आवेदन पत्र का प्रिंटआऊट रिकॉर्ड के लिये रख लें।

**किसी भी प्रकार कि सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा**

**अचयनित उम्मीदवारों के रिकार्ड, चयन सूची तैयार करने की तिथि से 6 माह बाद नहीं रखे जाएंगे**

**************